


नवभारत

भोपाल, शुक्रवार, 17 अप्रैल, 2026


# तीन सहेलियों का ब्रेनवॉश कर कराया धर्म परिवर्तन, FIR दर्ज

## पीड़िताओं ने कहा कई बार किया दुष्कर्म, बुर्का पहनकर पहुंची नाबालिग तो सामने आया मामला

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** जिले में एक बार फिर नाबालिग लड़कियों से दुष्कर्म कर उकना धर्म परिवर्तन किये जाने का मामला सामने आया है। इस मामले में जहां पुलिस ने एफआईआर दर्ज आरोपियों की तलाश शुरू कर दी, तो वहीं घटना के बाद हिन्दू संगठनों में खासा रोष देखने को मिल रहा है। दरअसल यह सारा मामला उस समय उजागर हुआ जब एक नाबालिग लड़की बुर्का पहनकर अपने गांव पहुंची, जहां उसने अपने साथ सारी घटना अपनी मां को बताई। इसके बाद मां अपनी बेटी के साथ पहुंची और शिकायत दर्ज कराई।




जानकारी के अनुसार गुरूवार को फरियादिया मां अपनी 17 वर्षीय बेटी के साथ थाने पहुंची, जहां उसने बताया कि अल्तामश खान निवासी चेतक ब्रिज, हबीबगंज भोपाल द्वारा पिपरई रेलवे स्टेशन पर बहला-फुसलाकर ट्रेन से भोपाल ले गया था, जहां पीड़िता का हिंदू से मुस्लिम धर्म परिवर्तन कराकर निकाह कर कई बार दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया। इसी प्रकार पीड़िता की दो अन्य दो सहेलियां जिनकी उम्र 14 एवं 15 वर्ष है उन्हें भोपाल ले जाया गया और वहां हिन्दू से मुस्लिम धर्म परिवर्तन कराकर निकाह कराते हुए उसने भी दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। इस दौरान पीड़िता ने पुलिस को बताया कि आरोपियों द्वारा तीन सहेलियों का ब्रेनवॉश किया गया था, जिसके चलते वह बुर्का पहनकर गुप्त रूप से आई थी।

**धर्मातंरण और दुष्कर्म करने आरोपी आपस में दोस्त:**

पिपरई निवासी तीन सहेलियों के साथ दुष्कर्म और धर्मातंरण कराये जाने के मामले में पुलिस ने पीड़ितों की शिकायत पर एफआईआर दर्ज की है। जिसमें अल्तमश खान निवासी चेतक ब्रिज भोपाल, आहत शेख निवासी जिंसी भोपाल एवं अरहान अली निवासी जिंसी गल्ला मंडी भोपाल के नाम सामने आए। बताया जा रहा है कि तीन आरोपी आपस में अच्छे मित्र है, जिन्होंने तीन नाबालिग लड़कियों को ब्रेन वॉश करते हुए उन्हें बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गए, जहां उनका धर्म परिवर्तन कराया गया।

**कई बार किया दुष्कर्म:**

पीड़िता ने बताया कि उसे जबरन भोपाल के एक स्थान और अन्य स्थानों पर ले जाया गया, जहां आरोपी द्वारा जबरन उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। यह गलत काम आरोपी ने उसके साथ एक बार नहीं बल्कि महीनों किया। इसी प्रकार अन्य लड़कियों के साथ ही आरोपियों की दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर अपराध पंजीवद्ध करते हुए आरोपियों के विरूद्ध धारा 137 2, 64 ( 2 ) एम, 65 1 बीएनएस, 3/4, 5 एल/6, पोस्को एक्ट, धारा 3/5 म.प्र. धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम, धारा 3 (2 )व्ही एससी-एसटी एक्ट के तहत अपराध कायम कर विवेचना प्रारंभ की गई है।

**इनका कहना है।**

*तीन नाबालिग सहेलियों के साथ दुष्कर्म और धर्म परिवर्तन किये जाने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने खुद पहुंचकर सारी बात बताई है।जिसके बाद थाने में एफआईआर दर्ज कर जांच की शुरू की गई है। जांच में भी जो भी तथ्या सामने आयेंगे उसके हिसाब से कार्यवाही की जाएगी। वहीं आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीमें गठित की गई है।*

**विवेक शर्मा, एसडीओपी अशोकनगर।**

# फांसी के फंदे पर लटके मिले पति-पत्नि के शव

**घटना की जांच में जुटी कदवाया पुलिस**

**दंपती ने क्यों लगाई फांसी यह जांच का विषय**



**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** कदवाया थाना अंतर्गत एक गांव में पति-पत्नि ने एक ही फंदे पर झूलकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। घटना की जानकारी उस समय लोगों को पता लगी, जब युवक की मां ने दरवाजा खोलने के खटखटाया तो सामने से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई, जिसके बाद परिजनों ने गेट खोलकर देखा तो साड़ी के फंदे पर दोनो पति-पत्नि झूलते हुए मिले। इसके बाद परिजनों ने पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से उतारकर पीएम के लिए अस्पताल भिजवाया।

जानकारी के अनुसार भूपेंद्र आदिवासी पुत्र लल्लू आदिवासी और उसकी पत्नी मिश्री बाई निवासीग्राम इमलीपुर ने बुधवार-गुरूवार की रात्रि में अपने घर के कमरे में साड़ी का फंदा बनाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। जब सुबह दंपती नहीं उठाया तो उसकी मां ने उन्हें आवाज दी, लेकिन गेट नहीं खुला, इसके बाद उन्होंने अपने परिजनों और ग्रामीणों को इसके बारे में बताया, जिसके बाद गेट खोलकर देखा तो पति-पत्नि फांसी के फंदे पर झूलते मिले। मृतकों के बारे में परिजनों ने बताया कि वह मजदूरी करके अपनी जीवन गुजर बसर करते थे। वहीं लल्लू शराब का आदि था, जिसके कारण वह घर विवाद करता रहता था, तो वहीं उसकी पत्नि शांत स्वभाव की थी। आखिर दंपती ने फांसी क्यों लगाई है, इसकी कोई जानकारी किसी के पास नहीं है। फिलहाल पुलिस ने मृतकों के शव का पीएम कराकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। तो वहीं मर्गकायम करते हुए जांच में लिया है।

## एक नजर में

### लकड़ी काटने चढ़े व्यक्ति की पेड़ से गिरकर मौत

**अशोकनगर।** ईसागढ़ थाना अंतर्गत ग्राम लहदपुर में लड़की काटने के पेड़ पर चढ़े एक व्यक्ति की पेड़ से गिरकर मृत्यु हो गई। जानकारी के अनुसार 41 वर्षीय राजेश पुत्र नत्थूलाल प्रजापति अपने घर के पास खड़े खैर के पेड़ पर लकड़ियां काट रहा था, इसी बीच उसका पैर फिसल गया और वह नीचे आग गिरा, जिससे उसके सिर में चोट आई, परिजन उसे तुरंत उपचार के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने मृतक से पहले उसका पुत्र लकड़िया काट रहा था, लेकिन इसी बीच वह आया और स्वयं पेड पर चढ़ गया और लकड़िया काटते हुए नीचे गिर गया। फिलहाल पुलिस ने मृतक के शव का पीएम कराकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। तो वहीं मर्गकायम करते हुए जांच में लिया है।

### करमसी में चोरी की वारदात

**अशोकनगर।** कचनार थाना अंतर्गत ग्राम करमसी ने चोरो ने एक घर में चोरी की घटना को अंजाम देते हुए घर में रखे जेबरात और नगदी रूपये पर हाथ साफ कर लिया है। वहीं घटना की जानकारी लगने के बाद घरवालों ने इसकी रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई है। जगदीश पुत्र शंकरलाल शर्मा ने बताया कि उनके घर से करीब 25 हजार रूपये नगद एवं रखे हुए जेबरात किसी अज्ञात चोर द्वारा चुरा लिये गये है।

# खरीदी केंद्रों पर किसानों के हक पर डाला जा रहा डाका

## कृषि उपज मंडी में नियमों की उड़ाई जा रहीं धज्जियां, 600 ग्राम से 2 किलो की जा रहीं अतिरिक्त तौल

**नवभारत न्यूज**

**मुंगावली।** नगर की नवीन कृषि उपज मंडी में विपणन सहकारी संस्था मुंगावली द्वारा संचालित गेहूं, चना, मसूर और सरसों के खरीदी केंद्रों पर भारी धांधली और अव्यवस्थाएं सामने आ रही हैं। शासन के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद इन केंद्रों पर खुलेआम नियमों को ताक पर रखकर किसानों का शोषण किया जा रहा है। आलम यह है कि अन्नदाता की मेहनत की कमाई पर केंद्र संचालकों द्वारा खुलेआम डाका डाला जा रहा है।

दरअसल खरीदी केंद्रों पर सबसे बड़ी लापरवाही और भ्रष्टाचार तौल को लेकर देखने को मिल रहा है। चना, मसूर और सरसों में जहां प्रति बोरी 600 ग्राम अधिक वजन लिया जा रहा है वहीं गेहूं खरीदी में भ्रष्टाचार की इंतहा हो गई है। केंद्रों पर मौजूद किसानों ने बताया कि केंद्र संचालक द्वारा गेहूं की प्रत्येक बोरी पर 2 किलो अतिरिक्त उपज की मांग की जा रही है। यदि कोई किसान इसका विरोध करता है तो उसे प्रताड़ित किया जाता है। केंद्र संचालक उपज को खराब बताकर तौलने से इनकार कर देते हैं और घंटों बहाने बनाकर किसानों को परेशान किया जाता है।



**सर्वेयर नदारद, एसडीएम और तहसीलदार ने लगाई फटकार:**

व्यवस्थाओं का जायजा लेने पहुंचीं तहसीलदार सोनम शर्मा को निरीक्षण के दौरान मौके पर सर्वेयर अनुपस्थित मिला। वहीं एसडीएम इसरार खान ने भी केंद्र का दौरा कर वहां पसरी अव्यवस्थाओं पर नाराजगी जाहिर की। एसडीएम ने केंद्र संचालक को कड़ी फटकार लगाते हुए कार्यप्रणाली में तत्काल सुधार के निर्देश दिए हैं। हालांकि प्रशासनिक सख्ती के बावजूद धरातल पर स्थिति जस की तस बनी हुई है।

**रात के अंधेरे में नियमों की बलि:**

नियमों के अनुसार एक किसान से प्रतिदिन अधिकतम 40 क्विंटल चना, मसूर या सरसों की तुलाई की जानी चाहिए। लेकिन मुंगावली केंद्र पर चहेतों को फायदा पहुंचाने का खेल चल रहा है। रसूखदार किसानों की निर्धारित सीमा से कहीं अधिक फसल एक ही दिन में तौली जा रही है। साठगांठ का आलम यह है कि दिन ढलने के बाद देर रात तक अवैध रूप से तुलाई का कार्य जारी रहता है।

**मूलभूत सुविधाओं का अभाव, मौसम की मार का डर:**

मंडी परिसर में वर्तमान में हजारों क्विंटल उपज खुले आसमान के नीचे पड़ी है। मौसम के बदलते मिजाज के बीच यदि बारिश होती है, तो किसानों की मेहनत मिट्टी में मिल जाएगी वहीं भीषण गर्मी में किसानों के लिए पीने के पानी की कोई व्यवस्था नहीं है। वहीं केंद्र पर बैठने के लिए छाया और टेंट का इंतजाम तक नहीं है, जिससे दूर-दराज से आए किसान परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा एक ही स्थान पर दो-दो केंद्रों (गेहूं और दलहन-तिलहन) के संचालन से भारी भीड़ और अव्यवस्था फैल रही है। विपणन संस्था की इस मनमानी और भ्रष्टाचार ने शासन की मंशा पर सवाल खड़े कर दिए हैं। अब देखना यह होगा कि प्रशासन की फटकार के बाद इन केंद्रों पर लूट बंद होती है या भ्रष्टाचार का यह खेल इसी तरह बदस्तूर जारी रहेगा।

# खुशी और गुनगुन ने उत्कृष्ट प्रदर्शन से बढ़ाया स्कूल का मान






**नवभारत न्यूज**

**शाढ़ौरा।** माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा आयोजित हाईस्कूल एवं हायर सैकेण्डरी की परीक्षा परिणाम विगत दिवस घोषित किये गये। जिसमें द्रोपदी पब्लिक हायर सैकेण्डरी स्कूल कक्षा 10वी की छात्रा कु.खुशी रघुवंशी पुत्री रामकृष्ण रघुवंशी ग्राम ककराई ने 97.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले की प्रावीण्य सूची मे तीसरा स्थान एवं तहसील शाढौरा मे प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय व परिवार तथा अपने क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इसी प्रकार कक्षा 12 वी की परीक्षा मे 86.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल की छात्रा गुनगुन जैन पुत्री संजय जैन ने विद्यालय मे प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उनके प्रथम स्थान प्राप्त करने पर प्राचार्य एवं विद्यालय परिवार द्वारा शुभकामनाए दी गई। तो वहीं वर्ष स्कूल का हाई स्कूल परीक्षा परिणाम 92 प्रतिशत रहा और हायर सैकेण्डरी का परीक्षा परिणाम 82.75 प्रतिशत रहा।


# अदम तहजीब से निकली बेटियां भी नहीं रहीं पीछे

**बोर्ड परीक्षाओं में बेटियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन**

**रिजल्ट के चलते मॉडल स्कूल बना चर्चा में**

**नवभारत न्यूज**

**चंदेरी।** माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा जारी किए गए परीक्षा परिणाम में बेटियों ने ही बाजी मारी है, जिनमें चंदेरी की बेटियों ने भी अपना परचम लहरा कर अपने परिवार का नाम रौशन किया। शिक्षित परिवार से निकली मॉडल स्कूल की छात्रा सुहाना पठान पुत्री साजिद खान पठान ने कक्षा 10 में 97.6 अंक प्राप्त कर



जिले की प्रवीण्य सूची में तीसरा स्थान प्राप्त कर परिवार एवं चंदेरी का नाम रोशन किया। गौरतलब है कि सुहाना खान एक मध्यम वर्गीय परिवार से हैं इनके दादा शहजाद खान पठान भी शिक्षक रहे हैं। वहीं सैयद परिवार से निकली अदब



तहजीब से लवरेज सैयद वजीहा पुत्री सैयद शाहनवाज हास्मी ने भी माडल स्कूल चंदेरी में अध्ययनरत दसवीं की परीक्षा में 94 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर सैयद परिवार और चंदेरी का नाम रौशन किया। गौरतलब है कि इन परिवार में बेटियों की शिक्षा पर इतना जोर नहीं दिया जाता था पर इनके दादा डॉ सैयद और पिता जबसे सामाजिक कार्यों में आगे आए, इन लोगों को बेटियों के लिए शिक्षा का महत्व समझ में आया। सैयद वजीहा अली ने बताया कि मुझे अपने दादा जी और वालिद साहब का पढ़ाई में पूरा सहयोग मिल रहा है। साथ ही अनीस उल्ला खान मेरे चाचा जी की कौशिश से ही मैं माडल स्कूल चंदेरी में पढ़ रही हूं और स्कूल के शिक्षकों का इतना सहयोग मिला कि मैं आज इस मकाम पर हूं। वहीं मेरा सपना है कि मैं प्रशासनिक सेवा में रहकर देश की सेवा करना चाहती हूं।

### बी पैक्स कर्मचारी देंगे त्याग पत्र

**अशोकनगर।** अपनी मांगों के संबंध में बी पेक्स कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन कलम बंद हड़ताल की जा रहीं है, जो सातवें दिन भी जारी रही। जिसमें हड़ताली कर्मचारियों के द्वारा किसानों के हितों को सर्वोपरि रखते हुए हड़ताल के स्वरूप में संशोधन करते हुए निर्णय लिया है कि जिन कर्मचारियों की उपार्जन केन्द्रों पर ड्यूटी है काली पट्टी बांध कर केवल उपार्जन कार्य करेंगे ताकि किसान परेशान ना हो और उपार्जन कार्य के अलावा और कुछ कार्य नहीं करेंगे एवं हड़ताली कर्मचारियों ने निर्णय लिया है कि यदि रविवार तक मांगे पूरी नहीं हुई तो आगामी सोमवार को सामूहिक त्याग पत्र दिये जायेंगे।

### देहात पुलिस ने एक घंटे में दस्तयाब की दो नाबालिग बालिकाएं

**अशोकनगर।** जिलेभर में पुलिस द्वारा मुस्कान अभियान चलाया जा रहा है, इसी क्रम में देहात पुलिस द्वारा एक घंटे में दो नाबालिग बालिकाओं को दस्तयाब करने में सफलता मिली है। दरअसल बुधवार को थाने में दो अलग-अलग बालिकाओं की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। जिन्हें थाना प्रभारी ने गंभीरता से लेते हुए बालिकाओं के दस्तयाब करने के लिए पुलिस टीम को निर्देशित किया। जिसके बाद पुलिस ने दोनों अपहृत नाबालिग बालिकाओं को महज 01 घण्टे के अंदर सकुशल दस्तयाब किया गया।

**ज्ञापन**

**उर्स से पहले बढ़ी चिंता, नियमों की अनदेखी किए जाने के आरोप**

# स्कूल-मंदिर-दरगाह के बीच खुल रही शराब दुकान का विरोध, सौंपा ज्ञापन

**नवभारत न्यूज**

**चंदेरी।** ऐतिहासिक नगरी के सब्जी मार्केट के पास खुली शराब की दुकान को लेकर विरोध तेज हो गया है। स्थानीय नागरिकों, व्यापारियों और महिलाओं ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर दुकान खोलने की प्रक्रिया पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। लोगों का कहना है कि यहां शराब की दुकान खुली हैं इस स्थान के आसपास धार्मिक स्थल, स्कूल और व्यस्त बाजार है। जिससे स्थानीय लोगों सहित अन्य राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

गुरूवार को सौंपे ज्ञापने बताया गया कि शराब दुकान शासकीय विद्यालय से करीब 10 मीटर, दरगाह हजरत मखदूम शाह विलायत से लगभग 100 मीटर और भगवान शंकर मंदिर से करीब 60 फीट की दूरी पर है। इसी क्षेत्र में सब्जी मार्केट भी संचालित होता है, जहां अधिकांश दुकानें महिलाओं द्वारा लगाई जाती हैं और दिनभर परिवारों, बच्चों व श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रहती है। वर्तमान में दुकान शुरू करने की प्रक्रिया जारी होने की बात सामने आई है। ऐसे में नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल प्रभाव से कार्य रुकवाया जाए।




**उर्स आयोजन से पहले बढ़ी चिंता:**

स्थानीय लोगों ने बताया कि दरगाह पर शीघ्र ही वार्षिक उर्स का आयोजन होना है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। ऐसे में इस मार्ग पर शराब दुकान खुलने से अव्यवस्था और असहज स्थिति बनने की आशंका जताई जा रही है। यदि यहां शराब दुकान का संचालन होता रहा तो लोग अपने आप को असहज महसूस करेंगे।

**सुरक्षा और माहौल को लेकर चिंता:**

ज्ञापन में कहा गया है कि शासन के निर्देशों के अनुसार शैक्षणिक संस्थानों के 500 मीटर के दायरे में मादक पदार्थों की दुकान संचालित नहीं की जा सकती। इसके बावजूद इस स्थान पर दुकान खोलने की तैयारी को नियमों की अनदेखी बताया गया है। लोगों का कहना है कि शराब दुकान शुरू होने से असामाजिक तत्वों की आवाजाही बढ़ सकती है, जिससे महिलाओं, बच्चों और आम नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। साथ ही विवाद और शांति व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका भी जताई गई है।

### संकट मोचन मंदिर के पास नियम विरुद्ध खोली जा रही शराब की दुकान

**मुंगावली।** नगर के प्रसिद्ध प्राचीन हनुमानजी के मंदिर के समक्ष खोली जा रही है शराब की दुकान को लेकर जनता में काफी आक्रोश देखने को मिल रहा है। छतरपुर के शराब ठेकेदार राजेंद्र राय द्वारा नियम को ताक पर रखकर मंदिर के पास कंपोजिट देशी-अंग्रेजी की शराब की दुकान खोली जा रही है। जिसको लेकर नगर के लोगो ने तहसीलदार के नाम एक ज्ञापन सौंपा है। जिसमे लोगो ने आपत्ति दर्ज कर बताया है कि जिस जगह शराब की दुकान खोली जा रही है, वहा हनुमानजी का प्राचीन मंदिर है जहां प्रतिदिन सैकड़ो की संख्या में महिलाएं व धार्मिक आस्था के लोग जाते है यदि उस जगह शराब की दुकान का संचालन हुआ तो श्रद्धालुओं को काफी समस्या का सामना करना पड़ेगा। शराब दुकान खुलवाने के लिए आखिर आबकारी विभाग और प्रशासन इस ओर क्यों ध्यान नही दे रहा है, यह जांच का विषय है। वहीं आबकारी अधिकारी आजाद आर्य ने बताया कि यदि नियम विरूद्ध देशी अंग्रेजी कंपोजिट शराब की दुकान खोली जा रही है तो दिखवा कर कार्रवाई की जाएगी।

# सीबीएसई में चमके दिव्यांश, एमपी बोर्ड में मनप्रीत ने दिखाई अपनी मेहनत

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** विगत दिवस माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल और सीबीएसई के परीक्षा परिणाम घोषित किये गये। जिनमें शिवपुरी पब्लिक स्कूल छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्कूल सहित परिवारजनों का नाम रोशन किया है। बुधवार को घोषित सी.बी.एस.ई.परीक्षा परिणाम कक्षा 10 के छात्र दिव्यांश यादव ने 97.8 प्रतिशत अंक लाकर अपनी चमक दिखाते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया है। तो वहीं प्रिंसी छीपा ने 97 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा एमपी बोर्ड में स्कूल की कक्षा 12वीं की छात्रा मनप्रीत सिख ने 93.8 प्रतिशत अंक लाकर जिले की मैरिट लिस्ट में तीसरा मुकाम पाकर स्कूल सहित परिजनों के मन प्रसन्न करते उन्हें गर्व महसूस करा दिया। स्कूल के छात्र-छात्राओं की इस सफलता स्कूल स्टॉफ और प्रबंधन ने उनके उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए अगली मंजिल के लिए बधाई दी है।







